Dainik Bhaskar

Date: 06/08/2017 | **Page No: 01** | **Location: Main** | **Circulation: 43625**

Edition: New Delhi

Studied together, worked together and formed 26,000 Crore's Company

साथ पढ़े, साथ नौकरी, साथ बनाई 26 हजार करोड़ की कंपनी

राधेश्याम अग्रवाल/राधेश्याम गोयनका

दो दोस्त एक सा नाम। एक राधेश्याम अग्रवाल दूसरे राधेश्याम गोयनका। स्कूल में मिले, साथ कॉलेज गए, साथ नौकरी की। इमामी जैसी कंपनी खड़ी की।

राधेश्याम अग्रवाल और राधेश्याम गोयनका की मुलाकात हुई थी कोलकांता के माहेश्वरी विद्यालय में 1953 में। गोयनका उनसे एक साल छोटे थे। एक कॉमन दोस्त ने दोनों को मिलवाया था। दोनों की दोस्ती पक्की हो गई और स्कूल के बाद साथ में क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी खेलते। फिर दोनों ने एक ही कॉलेज से ग्रेजुएशन किया और मास्टर्स डिग्री ली। दोनों कॉस्मेटिक्स सामान के फॉर्मूला के लिए सेकंडहैंड किताबें पढ़ते। पढ़ाई के बाद दोनों ने ही बिरला ग्रुप की कंपनियों में करीब 5 साल नौकरी की। 1974 में नौकरी छोड़ी और 20 हजार रु. की पूंजी से बिजनेस शुरू किया। इस तरह इमामी ब्रैंड तैयार किया। आज दोनों के परिवार कोलकाता में एक ही स्ट्रीट पर रहते हैं। » **न जानने वाले इन दोस्तों को भाई ही समझते हैं।** इमामी ग्रुप की मार्केट कैपिटल आज 26,134.19 करोड़ रुपए है।

Copyright of the article is with the publication